08-02-2023 Need to provide modern tele-communication facilities and other basic facilities in tribal areas of the country.-laid MATTERS UNDER RULE-377 Vasava, Shri Mansukhbhai Dhanjibhai Tribal Welfare Scheduled Castes and Scheduled Tribes

Title: Need to provide modern tele-communication facilties and other basic facilities in tribal areas of the country.-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): आज जब हमारा देश विकासशील से विकसित भारत के सफर को एक मध्य मुकाम तक पहुंच चुका है और स्वर्णिम भारत के भविष्य के संकल्प को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है । देश में हो रहे सर्वांगीण तेज विकास में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की देश के विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की आकांक्षा को जगाया है । भारत सरकार ने अपनी विकास योजनाओं का लाभ हर भारतवासी तक पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं । इसके बावजूद देश के सुदूर एवं पिछड़े जनजातीय क्षेत्रों को विकास का लाभ पहुंचाने की अति आवश्यकता है । दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को आधुनिक तकनीक एवं शिक्षा से जोड़ने के लिए संचार नेटवर्क के साथ ही अन्य बुनियादी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि देश के पिछड़े एवं दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों तक आधुनिक सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए एक निगरानी तंत्र की व्यवस्था की जाय ।